भ्रष्टाचार — कमोद माइनर की लायनिंग हुई क्षतिग्रस्त, घटिया निर्माण किए जाने पर उठा रहे सवाल

# कागजों में दिखता है नहर विभाग का मेंटेनेंस

**किसान बंधुओ ने घटिया कार्य की जांच करने के साथ ही नहर दुरुस्त कराए जाने की मांग की**



**नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव।** इलाके में नहरों का जाल फैला हुआ था जिसको मेंटेनेंस करने की आड़ में कई तरह के कार्य सिर्फ कागजों पर ही हो जाते है। सिर्फ नए सिरे से जो कार्य नहर का होता है जहां पर कभी किसानों के खेतों में पानी नहीं गया था, ऐसे स्थल पर जो कार्य हुआ है वह इतना घटिया तरीके से किया गया है कि उसका भुगतान होने के बाद कार्य की गुणवत्ता उजागर होने लगी है।

जहां पर ऐसी नहरों का निर्माण कार्य विभाग के द्वारा करवाया गया है, उसकी वरिष्ठ अधिकारी सूक्ष्मता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई निर्माण करने वाले ठेकेदार पर की जाए। उस नहर के लेबिल की भी जांच की जाए जिसके कारण नहर में पानी प्रवाहित ठीक से नहीं हो पा रहा है और जिसके कारण निर्मित नहर का लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। गोटेगांव. रानी अबंतीबाई सागर परियोजना के माध्यम से गोटेगांव में छोटी माइनरों को नए सिरे से निर्मित कराने के बाद वहां पर पिछले साल ही सीसी क्रांक्रीट के जरिए लायनिंग का कार्य करवाया गया था। इस लायनिंग के निर्माण में गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ करने के कारण कमोद माइनर जो गर्रा रोड को पास करके निकली है वहां पर एक साल में ही बिना नहर में पानी प्रवाहित हुए बारिश के मौसम में टूट गई है। इस नहर की सीसी क्रांकीट की लायनिंग को देख कर गांव के लोगों का कहना है कि जब एक साल में ही नहर की लायनिंग का कार्य क्षतिग्रस्त हो रहा है तो वह कितने समय तक सुरक्षित रह पाएगी। उसके क्षतिग्रस्त हिस्से को देख कर ही अनुमान लगाया जा सकता है। गांव के लोगों ने बताया कि इस नहर में लायनिंग होने के बाद भी नहर के जरिए किसानों के खेत तक पानी नहीं पहुंच रहा है और उस नहर के अंदर सीसी क्रांकीट के बाद भी कई तरह का कचरा अकुंरित हो गया है। किसानों के अनुसार जब एक साल में ही नहर की लायनिंग क्षतिग्रस्त होती रहेगी तो नहर की गुणवत्ता पर सवाल खड़े ही किए जाएंगे। उनके अनुसार जिस वक्त लायनिंग का निर्माण कार्य चल रहा था,

**घटिया कार्य की पोल खुली**

उस वक्त भी कई जगह पर लायनिंग में दरारें सामने आई थी, जिसको कार्य करने वाले सदस्यों ने रिपेयरिंग करके घटिया कार्य को छुपा लिया गया था। अब उस घटिया कार्य की पोल धीरे-धीरे खुलने लगी है, जिस पर अधिकारियों को सत कार्रवाई की जाना चाहिए। जिस वक्त निर्माण कार्य चल रहा था उस समय विभाग का कोई भी जिमेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचता था, जिसके कारण कार्य करने वाले सदस्य ने घटिया निर्माण कार्य किया, जिसका नतीजा अब सामने आने लगा है। स्थानीय किसान बंधुओ ने इस घटिया निर्माण कार्य की जांच कराए जाने की मांग की है साथ ही जांच उपरांत दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने के साथ-साथ नहर को दुरुस्त कराए जाने की भी मांग की है ताकि हम सभी किसान बंधु इसका लाभ ले सके।

# बुढ़ैना पंचायत भवन में लटका रहता है ताला




**नवभारत,गोटेगांव।** जनपद पंचायत गोटेगांव के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर गांव की सरकार का संचालन करने के लिए अधिकांश पंचायतों में भवनों का निर्माण करा दिया गया है। लेकिन कई पंचायत के भवन खुलते ही नहीं है। यहां पर कार्यरत सचिव और रोजगार सहायक पंचायत भवन में पहुंचते ही नहीं है।

जिसके कारण गांव के लोगों की समस्याओं का निराकरण नहीं होता है। वर्तमान समय में मतदाता सूची की एसआईआर का कार्य चल रहा है। जिसके कारण गांव के लोगों की समस्याओं को हल करने की दिशा में पंचायत कोई कदम नहीं उठा रही है। कई पंचायत में सचिव दो पंचायत का प्रभार लिए हुए हैं, जिनके नहीं पहुंचने पर यहां वहां का बहाना बना दिया जाता है। मगर रोजगार सहायक एक ही पंचायत में रहता है। वह भी कभी कभार पंचायत भवन में पहुंचते हैं, जिसके कारण अधिकतर पंचायतों में ताला लटका रहता है।

# खेत में बने मकान में आगजनी



**नवभारत,साईखेड़ा।** थाना साईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम सेठान में खेत पर रुके एक किसान के मकान व पाइपों में आगजनी की गंभीर घटना सामने आई है। पीड़ित किसान द्वारा थाने में दी गई प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार वह खिरका मोहल्ला साईखेड़ा का निवासी है और खेतीङ्कमजदूरी का कार्य करता है।

उसकी बड़ी मां नर्मदी बाई की सेठान में खेती की जमीन है, जिसके साथ वाली जमीन पर पीड़ित के पिता फूलसिंह खेती करते हैं। इसी स्थान पर एक पक्का मकान भी बना हुआ है, जहाँ किसान कभी-कभी रुकता है। घटना दिनांक 14 नवंबर 2025 की रात किसान के पिता खेत में ही रुके हुए थे। सुबह लगभग 6 बजे जब पुत्र खेत पहुँचा तो उसने देखा कि झूला, पलका, बाहर लगा स्टार्टर और पाइप जले हुए पड़े हैं। खेत पहुँचे पिता ने बताया कि रात करीब 12:5 बजे कुछ लोग आकर गालियाँ देते हुए माँ-बहन की भद्दी गालियाँ दे रहे थे। इसके कुछ ही देर बाद बाहर लगे स्टार्टर तोड़ने की आवाज आई, जिससे घबराकर वे खेत की तरफ निकल गए। पीड़ित के अनुसार गाली देने और शोर की आवाज से उसे संदेह है कि यह काम ग्राम के हीरालाल नौरिया और उसके भाई छुद्दू नौरिया का है। साथ ही पास के खेतों में देखने पर राजकुमार चौधरी के पाइप भी जले हुए मिले।



# गोद भराई कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** आगामी 9 दिसंबर से 15 तक होने वाले श्री 1008मुनि सुब्रतनाथ जिनालय का पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान भगवान के माता-पिता का सम्मान प्रमोद कुमार पाटन वाले एवं गुड्डी जैन की गोद भराई का कार्यक्रम पारसनाथ जैन मिलन शाखा के द्वारा मंगलवार को तेदूखेड़ा में आयोजित किया गया इसमें महिला मंडल के सभी सदस्य और समाज की सभी महिलाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# एसडीएम एवं तहसीलदार ने पटवारियों व बीएलओ को किया सम्मानित



**नवभारत,गाडरवारा।** राजस्व एवं निर्वाचन विभाग के महत्वपूर्ण SIR सर्वेक्षण कार्य में शत-प्रतिशत सफलता हासिल करने वाले मैदानी कर्मचारियों को आज एक विशेष सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन पटवारियों और बूथ लेवल ऑफिसर्स (BLO) को दिया गया, जिन्होंने निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिहीन तरीके से पूर्ण किया।

तहसील कार्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में एसडीएम महोदया और तहसीलदार महोदय ने संयुक्त रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। सम्मान के रूप में सभी योग्य कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, शॉल और श्रीफल (नारियल) प्रदान किए गए। यह सम्मान प्रशासनिक कार्यों में उनकी निष्ठा और लगन का प्रमाण है। टीमवर्क, ईमानदारी और जिम्मेदारी का उत्तम उदाहरण है अपने संबोधन में एसडीएम महोदया ने कर्मचारियों के समर्पण की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, शत-प्रतिशत सर्वेक्षण कार्य को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना न केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि है, बल्कि यह हमारी पूरी टीम के अटूट टीमवर्क, ईमानदारी और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति गहरी निष्ठा का उत्तम उदाहरण है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे कठिन कार्यों में कर्मचारियों का सीधा योगदान ही प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह और पारदर्शी बनाता है। तहसीलदार महोदय ने भी सभी कर्मचारियों की मेहनत और लगन की प्रशंसा करते हुए कहा आप सभी ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि नियत समय पर बेहतर कार्य करने का दृढ़ संकल्प हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। मैं सभी से आह्वान करता हूँ कि भविष्य में भी इसी प्रकार की बेहतर कार्य-संस्कृति और निष्ठा के साथ कार्य करते रहें। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने सम्मानित कर्मचारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सम्मान समारोह को एक प्रेरक पहल बताया, जो अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।



# अग्निकांड पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल

**नवभारत,गाडरवारा।** गाडरवारा तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र स्थित कौड़ियां गांव में ग्राम पंचायत नवीन भवन के बाजू में कौरव निवास में आग लगने की सुचना मिलने पर विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल बुधवार को अग्निकांड से पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान विधायक ने पत्रकार रजनीश कौरव सहित परिवार के सदस्यो से मुलाकात की जिनका आगजनी में भारी नुकसान हुआ। विधायक ने घटना पर दुख्र व्यक्त करते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया और आग में हुए नुकसान का आंकलन कर सहायता प्रदान करने कहा।

## एक नजर में

### संविधान दिवस पर कलेक्टर ने किया संविधान की उद्देशिका का वाचन

**नवभारत,नरसिंहपुर।** संविधान दिवस पर जिले के शासकीय कार्यालयों में संविधान दिवस मनाया गया और संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। इसी क्रम में कलेक्टर रजनी सिंह ने कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन के परिसर में संविधान दिवस पर संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। उन्होंने अधिकारी- कर्मचारियों को संविधान दिवस की सामूहिक शपथ दिलाई।

### 11 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा पुलिस ने नरसिंहपुर और सागर जिले की सीमा पर जामुनपानी के आगे हनुमान मंदिर के समीप देवरी जिला सागर निवासी देव पिता रविशंकर उपाध्याय 23 वर्ष को 11 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उक्त आरोपी काफी लंबे समय से इस अवैध व्यापार और तस्करी में लिप्त बना हुआ है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

### डंडे से की मारपीट

**नवभारत,गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव निवासी एक मजदूर वर्ग के व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से कही जा रहा था उसी दौरान रास्ते में गांव का ज्ञानी धानक मिला और अचानक गंदी गंदी गालिया देते हुये लकड़ी के डंडे से मारपीट की गई। इसी दौरान मोहन धानक व ढेंकू उर्फ सौरभ धानक ने भी मारपीट की गई प्रार्थी द्वारा चिल्लाने पर उसके बडे पिता हरिराम कहार आये तो उनके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पुराने बुराई के चलते मारपीट

**नवभारत,गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस एमपीईबी कालोनी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह अपने दोस्त चंद्रशेखर राजपूत व साले निशांत तोमर के साथ आमागांव तिरहा की ओर टहल रहा था उसी दौरान बड्डन नामक युवक द्वारा पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालियां देते हुये मारपीट की गई इसके बाद उमेश पचौरी के साथ आकर लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी कीशिकायत पर आरोपियों केखिलाफ मामला कामय करते हुये जांच मेंलिया गया है।

### कैलाश श्रीवास्तव का निधन

**नवभारत,करेली।** हनुमान वार्ड निवासी कैलाश श्रीवास्तव का हृदय गति के रूकने से निधन हो गया। स्वर्गीय कैलाश का आत्मदाह संस्कार 27 तारीख को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। स्वर्गीय कैलाश कांग्रेस की सरकार के समय पर वरिष्ठ नेताओं में नाम जाना जाता था। स्वर्गीय कैलाश सेवानिवृत्त शिक्षक प्रकाश श्रीवास्तव के छोटे भाई अमित,आशीष के चाचा और दीपक और अजय के पिता श्री थे। स्वर्गीय कैलाश की अंतिम यात्रा में नगर के प्रबुद्ध जनों ने शामिल होकर ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# चिकित्सालय के कम्प्यूटर आपरेटर से मारपीट

**नवभारत,गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के राजीव वार्ड निवासी तथा शासकीय चिकित्सालय में कप्यूटर आपरेटर के पद पर पदस्थ द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह रात लगभग 11 बजे चिकित्सालय में ओपीडी पर्ची बनाने का कार्य कर रहा था उसी दौरान माता वार्ड निवासी नरेश उर्फ भूरा जाटव नामक युवक अपनी बेटी का इलाज कराने के लिये शासकीय चिकित्सालय पहुंचा और पर्ची बनबाने लगा तो प्रार्थी द्वारा शासन के नियम अनुसार पर्ची शुल्क दस रूपया की मांग किये जाने पर कप्यूटर आपरेटर को गंदी गंदी गालियां देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते है।




# हाईस्कूल को शासकीय दर्जा प्राप्त दिलाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर में नगरपालिका ने सबसे पहले गोटेगांव इलाके की छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए इंदिरा कन्या हाईस्कूल की स्थापना 1960 में कराई थी। नपा के द्वारा संचालित इंदिरा कन्या हाइस्कूल में अध्ययनरत छात्राओं को अन्य सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाएं नहीं मिलती हैं। इस कन्या शाला में गरीब एवं मध्यम वर्ग की छात्राएं ही सबसे अधिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए आतीं हैं। मौजूद इंदिरा कन्या हाईस्कूल को शासकीय दर्जा प्राप्त दिलाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस स्कूल को शासकीय दर्जा दिलाने की मांग बहुत पुरानी है, स्कूल में पूर्व में शिक्षा प्राप्त कर छात्राएं आज यहां से करके निकल चुकी हैं और उनके बच्चे उक्त शाला में अध्ययन करने के लिए अधिकतर आने लगे है। इसके बाद भी उक्त स्कूल को शासकीय कराने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस स्कूल में अध्ययनरत छात्राओं को सरकारी हाईस्कूल में अध्ययन करने वाले बच्चों की भांति किसी प्रकार की कोई सुविधा प्राप्त नहीं होती है।

# परशुराम सेना ने सर्व समाज के साथ सौंपा ज्ञापन



**नवभारत,गाडरवारा।** श्री परशुराम सेना मप्र के जिला अध्यक्ष पं मुकेश बसेड़िया ने सर्व समाज व अपने साथियों तथा सनातनी बंधुओ की उपस्थिति में एक सामूहिक ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री के नाम सौपा। ज्ञापन में प्रदेश के मुख्यमंत्री से बहन बेटियों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले संतोष वर्मा पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई। इस अवसर पर बसेड़िया ने कहा कि भारत की बहन बेटियां को सनातन धर्म मे माँ दुर्गा का साक्षात स्वरूप माना है बेटियों पर टिप्पणी करने से सामाजिक भावनायें आहत होती हैसाथ ही सामाजिक सोहार्द भी बिगड़ता है। अत: स्वत: संज्ञान लेकर सम्बधित व्यक्ति पर कठोरतम कार्यवाही करे जिससे अन्य कोई इस प्रकार सामाजिक वैमनस्यता फैलाने का कार्य न करें। उल्लेखनीय हैं कि परशुराम सेना द्वारा दिये गयें अन्य ज्ञापन में गौ भक्तों, सर्व समाज ने विगत सप्ताह मे हुई गौ माता की सामूहिक मौतों पर जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने तथा गौ संरक्षण की विभिन्न मांगे भी रखी। ज्ञापन देते समय सर्व समाज के साथ साथ श्री परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष व क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी पं मुकेश बसेड़िया, जिला उपाध्यक्ष पँ भागीरथ तिवारी, पँ अरुण तिवारी, पं महेंद्र भार्गव,पं मनोज शर्मा,पं हेमन्त स्वामी , पँ अनुज शर्मा, पँ राजेश पचौरी, पँ अनन्त कृष्ण द्विवेदी,पं मनोज कुमार द्विवेदी ,पँ जगदीश आचार्य, पँ प्रेम तिवारी, पँ शातल दुबे , पँ सतीश लमानिया ,पँ राजा शर्मा, पँ अनूप खुडासिया ,पं मनीष शर्मा, पं कमलेश द्विवेदी ,पँ कैलाश तिवारी, लकी सोनी सहित सर्व समाज के वरिष्ठ बन्धु जन सहित मातृ शक्ति के रूप में रानी देवी हरदेनिया के साथ अनेक महिलाओं व सामाजिक बंधुओ की

# शासकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस पर ज्ञान और अभिव्यक्ति का संगम

## प्रतियोगिताओं का आयोजन, मौलिक अधिकारों और सामाजिक जिम्मेदारी पर ज़ोर



**नवभारत,सांईखेड़ा।** शासकीय महाविद्यालय सांईखेड़ा में भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी, भारतीय ज्ञान परंपरा और स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के सर्वोच्च कानून और नागरिकों के अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

संविधान के सम्मान में कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रूप से भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन हुआ, जिसने सभी में संवैधानिक मूल्यों के प्रति आस्था जगाई। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों के लिए भारतीय संविधान दिवस पर केंद्रित प्रश्न मंच प्रतियोगिता एवं मौलिक अधिकार विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. कौशल कुमार मिश्र ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हमारा संविधान एक लिखित दस्तावेज़ है, जिसके आधार पर देश का शासन चलता है और इसी से हमें हमारे मौलिक अधिकार प्राप्त हुए हैं। डॉ. मिश्र ने अर्थशास्त्र का सिद्धांत लागू करते हुए कहा जितना लेना होता है उससे ज्यादा देना होता है, तभी हम समाज में उचित स्थान प्राप्त कर पाते हैं, जो हमें सामाजिक जिम्मेदारी का बोध कराता है। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता यादव ने संविधान दिवस के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने आज़ादी के बाद प्राप्त स्वतंत्रता के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि अंग्रेजों के संविधान में भारतीयों पर अनेक पाबंदियां थीं और हमें अमानवीय व्यवहार सहना पड़ता था।

**इनकी उपस्थिति**

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान ने हमें स्वतंत्रता से कार्य करने और सम्मानपूर्ण जीवन जीने का अवसर प्रदान किया है। इस सफल आयोजन में महाविद्यालय के स्टाफ और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. शिवा सहाय ने किया। इस अवसर पर डॉ. संदीप दीक्षित, डॉ चंद्र प्रकाश राठौर, डॉ. जुगुल किशोर सिंह, शशिलता नीखरा, मनमोहन मालवीय, पुष्पेंद्र पटेल, बालकिशन जाटव, महेंद्र कुमार शुक्ला, सुरेंद्र सिंह मिर्धा, ओमप्रकाश रजक, और बृजेश मिर्धा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# गन्ना अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार समय सीमा में किसानों का भुगतान हो

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में गन्ना पेराई सत्र 2025- 26 की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को अधिकारियों, गन्ना मिल प्रबंधकों एवं कृषक संघों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देशित किया कि गन्ना उत्पादक किसानों को शुगर मिल में गन्ना प्रदाय करने के लिए पर्ची सिस्टम का कढ़ाई से पालन किया जावे, कृषक पर्ची के माध्यम से ही गन्ना प्रदाय करेंगे तथा डिस्प्ले सिस्टम के माध्यम से प्रचलित टोकन का प्रदर्शन किया जाए। किसानों को एसएमएस द्वारा पर्ची की जानकारी दी जाए। शक्ति शुगर मिल कौंढ़िया द्वारा उपयोग किए जा रहे एप से कृषक काफी लाभांवित हुए हैं, जिसमें किसानों को भुगतान की जानकारी एप के माध्यम से प्रदर्शित हो रही है और सम्पूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी है। शुगर मिल गेट पर डिस्प्ले के माध्यम से ट्राली की तुलाई की जानकारी दी जाए। शुगर मिल परिसर में यार्ड की क्षमता वृद्धि हो, ताकि रोड पर ट्रालियां न लगे एवं यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। शुगर मिलों में किसानों के लिए पेयजल और शौचालय आदि की व्यवस्था की जाए और मिल परिसर में स्वच्छता के मानकों का पालन किया जाए। समस्त गन्ना ट्रालियों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें, ताकि रात्रि समय में दुर्घटनाओं को रोका जा सके। शुगर मिलों में जेसीबी मशीन हमेशा तैयार रहे, ताकि रोड पर किसी भी प्रकार से जाम न लग सके। मिल गेट और बाहर गार्ड द्वारा व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहे। तौल- कांटा की टेस्टिंग किसानों की उपस्थिति में की जाए और पंचनामा तैयार किया जाए।